**SHRI GULABRAO ESHWARA KHANDVE EDUCATIONAL FOUNDATION**

# JAGADGURU INTERNATIONAL SCHOOL, LOHEGAON, PUNE

## TERM - 1 EXAM (2024-2025)

**Grade – IX** **Time: - 3 Hours**

**Subject: - Hindi -B (085)** **M. Marks: - 80**

**Date: - 20/09/2024** **Roll No. ______**

निर्देशः

- इस प्रश्न पत्र के चार खण्ड हैं 'अ' , 'ब' , 'क' और 'ड'।
- खण्ड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 10 बहुविकल्पी प्रश्न पूछे गए हैं।दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 12 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खण्ड 'ब' में 'व्यवहारिक व्याकरण' 11 मुख्य वस्तुपरख प्रश्न पूछे गए हैं। निर्देशों को बहुत ध्यान से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
- खण्ड 'क' में 'पाठ्य पुस्तक' 5 मुख्य प्रश्न पूछे गए हैं।जिसमें आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशों को बहुत ध्यान से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
- खण्ड 'ड' में 'वर्णनात्मक प्रश्न' 5 मुख्य पूछे गए हैं।आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशों को बहुत ध्यान से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
- चारों खण्डों के कुल 45 प्रश्न हैं। चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।
- यथासंभव चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

| | खण्ड 'अ' ( बहुविकल्पी प्रश्न) | |
|---|---|---|
| प्रश्न.1) | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।** | कुल भार (7) |
| | समीर के माता-पिता ने तय किया कि इस बार की गर्मी की छुट्टियों में वे सभी पहाड़ की यात्रा पर जाएँगे। समीर यह सुनकर बहुत खुश हुआ। उसे बहुत समय से हिमालय के पहाड़ों को देखने की बहुत इच्छा थी। समीर को चित्र बनाना अच्छा लगता है। वह चित्रकारी में कई प्रतियोगिताओं पुरस्कार भी जीत चुका है। वह हिमालय के पहाड़ों को अपनी आँखों से देखकर उनका चित्र बनाना चाहता था। घर में पहाड़ों की यात्रा की तैयारियाँ आरंभ हो गई। पिताजी रेल के टिकट और होटल की बुकिंग करने लगे और माँ ऊनी स्वेटर खरीदने लगीं। इन सभी तैयारियों और यात्रा की बात-चीत से समीर और उसकी बहन मीना बड़ेउत्साहित होते थे पर दोनों का ध्यान इस समय अपनी-अपनी फाइनल की परीक्षाओं पर था। आखिर वह समय आ ही गया जब समीर अपने परिवार के साथ ट्रेन में बैठ कर हिमालय की ओर जा रहा था। दो दिनों की ट्रेन की यात्रा के बाद वे उस स्टेशन पर पहुँचे जहाँ से उन्हें चार घंटे की यात्रा कार से करनी थी। वे सभी जल्दी से नाश्ता करके कार में बैठ गए। समीर कार की खिड़की के पास बैठ कर ध्यान से देख रहा था कि पहाड़ कब | |

| | | |
|---|---|---|
| | दिखाई देंगे? करीब एक घंटे बाद पहाड़ दिखाई देने लगे। पहले रास्ते के दोनों तरफ दिखाई दिए बड़े-बड़े पेड़, जिनकी ऊँचाई देखने के लिए पूरी गर्दन उठा कर देखना पड़ रहा था। इसके बाद आई एक पहाड़ी नदी, जो रास्ते के साथ-साथ कल-कल करती हुई बह रही थी। समीर को लगा जैसे कि नदी उसका स्वागत कर रही है। धीर-धीरे गाड़ी और ऊँचाई की ओर बढ़ने लगी। अब समीर को हरे-भरे पहाड़ों की शृंखला दिखने लगी। समीर मुग्ध होकर देख रहा था। प्रकृति का इतना सुंदर रूप उसने कभी नहीं देखा था। उनकी कार पहाड़ी रास्तों पर चल रही थी जिसके एक तरफ पहाड़ था और दूसरी तरफ खुली घाटी थी। घाटी के चारों तरफ हरे पेड़ों से ढके पहाड़ों की कतारें थीं दूर से किसी पहाड़ पर धूप बिखरी थी दिखाई दे रही थी तो किसी पहाड़ को बादलों ने ढक रखा था। हवा में एक ऐसी ताजगी थी जिसे शहर में रहने वाले समीर ने आज तक महसूस नहीं किया था। थोड़ी देर बाद हिमालय के बर्फीले पहाड़ों की चोटियाँ दिखाई देने लगीं। उन्हें देखकर समीर सब कुछ भूल गया और मंत्र-मुग्ध होकर चुपचाप उन्हें देखने लगा। उसे ऐसा लग रहा था कि ये पहाड़ बहुत गंभीरता से सर उठाकर खड़े हैं और उनके सामने सभी लोग छोटे बच्चों के समान हैं। समीर ने देखा कि उसके परिवार के सभी लोग यहाँ तक कि हर समय बातें करने वाली उसकी बहन मीना भी चुप-चाप हिमालय की विशाल चोटियों को देख रही है। समीर को विश्वास हो गया कि पहाड़ की इस यात्रा को वह कभी भी नहीं भूलेगा और अब उसके चित्रों में पहाड़ बहुत ही सजीव और सुंदर बन सकेंगे। | |
| क) | समीर हिमालय के पहाड़ों को अपनी आँखों से देखकर क्या बनाना चाहता था? | (1) |
| i) | परिवार ii) घाटी **iii) चित्र** iv) कविता | |
| ख) | पहाड़ों की यात्रा के लिए समीर की मां ने क्या तैयारियां की? | (1) |
| i) | घर में पहाड़ों की यात्रा के लिए मिठाइयां बनने लगी। | |
| ii) | **माँ ऊनी स्वेटर खरीदने लगीं।** | |
| iii) | घर की साफ़ सफ़ाई होने लगी। | |
| iv) | दोस्तों को बताया जाने लगा। | |
| ग) | उनकी कार कहां चल रही थी? | (1) |
| i) | पुल पर ii) पहाड़ी रास्तों पर | |
| iii) | मैदान में iv) बाग में | |
| घ) | निम्नलिखित कथन **(A)** और कारण **(R)** को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br>कथन **(A) समीर के माता-पिता ने तय किया कि इस बार की गर्मी की छुट्टियों में वे सभी पहाड़ की यात्रा पर जाएँगे।**<br>कारण **(R) समीर यह सुनकर बहुत खुश हुआ।** | (1) |
| i) | कथन (A) और कथन (R) कारण दोनों गलत हैं। | |
| ii) | कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है। | |

| | | |
|---|---|---|
| iii) | कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी व्याख्या गलत करता है। | |
| **iv)** | कथन **(A)** और कारण **(R)** दोनों सही हैं तथा कारण **(R)** कथन **(A)** की सही व्याख्या करता है। | |
| ङ) | पहाड़ी नदी कैसे आवाज कर रही थी? | (1) |
| i) | छम छम की आवाज      ii) गाना गाने की आवाज | |
| iii) | बोलने की आवाज      **iv) कल-कल की आवाज** | |
| च) | हिमालय के बर्फीली चोटियों का समीर और उसके परिवार पर क्या प्रभाव पड़ा ? | (2) |
| प्रश्न.2) | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।** | (कुल भार 7) |
| | शिक्षा प्राप्त करने के परंपरागत तरीके से हम सभी परिचित हैं। किसी भी प्रकार की शिक्षा प्राप्त करने के लिए कुछ समय पहले तक लोगों का यही विचार था कि उन्हें किसी स्कूल, कॉलेज या किसी और संस्था में दाखिल लेना होगा, कक्षा में जाना होगा। इसी प्रकार वे शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा प्राप्त करने का एक और विकल्प हमारे सामने आया है। वह है डिजिटल शिक्षा। जब कंप्यूटर, मोबाइल, इंटरनेट के माध्यम से हम शिक्षा प्राप्त करेंगे तो हम उसे डिजिटल शिक्षा कह सकते हैं। कोरोना के समय जब सब कुछ रुक गया था तो इसी माध्यम से लोगों और छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलता रहा। डिजिटल शिक्षा के भी कई रूप दिखाई देते हैं, एक है ऑनलाइन शिक्षा स्कूल, कॉलेज और अन्य शिक्षा संस्थाओं ने लॉकडाउन के अवसर पर इंटरनेट का उपयोग करते हुए ऑनलाइन रूप में छात्रों को शिक्षा पहुँचाने का कार्य जारी रखा। डिजिटल शिक्षा के दूसरे रूप में आते हैं वे सारे एप्स जो कभी निःशुल्क तो कभी लगातार इंटरनेट का उपयोग किये बिना भी लोगों को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। डिजिटल शिक्षा का तीसरा और सबसे लोकप्रिय रूप है विडियो, जिन्हें लोग अकसर यूट्यूब पर देखते हैं। यहाँ पर किसी भी प्रकार के ज्ञान में कुशल लोग प्रायः मुफ्त में अपना ज्ञान लोगों के साथ बाँटते हैं। डिजिटल शिक्षा के इन सभी रूपों ने बहुत आसानी से शिक्षा को सभी तक पहुँचने का एक विशाल कार्य किया है। सीखने वाला चाहे किसी भी उम्र का हो, चाहे दुनिया के किसी भी कोने में रहता हो अगर उसके पास एक मोबाइल फोन है और इंटरनेट है तो वह किसी भी प्रकार की शिक्षा प्राप्त कर सकता है। इसकी कोई सीमा नहीं है, इसकी कोई पाबंदी नहीं है फिर चाहे आप कोई भाषा सीखना चाहते हैं या ज्योमेट्री सुधारना चाहते है, या आपको चित्रकारी या भोजन बनाना सीखना है आप बस डिजिटल माध्यम का प्रयोग कीजिए और आप अपने प्रिय विषय पर पैसे देकर या पूरी तरह निःशुल्क | |

| | | |
|---|---|---|
| | शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। | |
| क) | शिक्षा प्राप्त करने का परंपरागत तरीका क्या है? | (1) |
| **i)** | **स्कूल, कॉलेज या किसी और संस्था में दाखिला लेना।** | |
| ii) | सिर्फ परीक्षाओं के लिए संस्था में जाना। | |
| iii) | नौकरी पाने के लिए संस्था से जुड़ना। | |
| iv) | पैसा कमाने के लिए संस्था मैं जाना। | |
| ख) | डिजिटल शिक्षा किसे कह सकते हैं? | (1) |
| i) | पुस्तकों के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करना। | |
| ii) | दोस्तों के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करना। | |
| **iii)** | **कंप्यूटर, मोबाइल, इंटरनेट के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करना।** | |
| iv) | शिक्षकों के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करना। | |
| ग) | **उपर्युक्त गद्यांश** के अनुसार ऑनलाइन शिक्षा का उपयोग किसके द्वारा किया जाता है? | (1) |
| i) | व्यापारियों द्वारा | |
| ii) | किसानों द्वारा | |
| iii) | मजदूरों द्वारा | |
| **iv)** | **स्कूल, कॉलेज और अन्य शिक्षा संस्थाओं के द्वारा।** | |
| घ) | निम्नलिखित कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br>कथन **(A)** डिजिटल शिक्षा का सबसे लोकप्रिय रूप है विडियो, जिन्हें लोग अकसर यूट्यूब पर देखते हैं।<br>कारण **(R)** सीखने वाला चाहे किसी भी उम्र का हो, चाहे दुनिया के किसी भी कोने में रहता हो अगर उसके पास एक मोबाइल फोन है और इंटरनेट है तो वह किसी भी प्रकार की शिक्षा प्राप्त कर सकता है। | (1) |
| i) | कथन (A) और कथन (R) कारण दोनों गलत हैं। | |
| ii) | कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है। | |
| iii) | कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी व्याख्या गलत करता है। | |
| **iv)** | **कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।** | |
| ङ) | एप्स से शिक्षा किस प्रकार मिलती है? | (1) |
| च) | डिजिटल शिक्षा ने कौन सा विशाल कार्य किया है? | (2) |
| | खण्ड 'ब' ('व्यवहारिक व्याकरण') | (कुल भार 16) |
| प्रश्न.3)क) | नीचे दिए गए मूल शब्दों में उचित **उपसर्ग** लगाकर नए शब्द बनाइए। (2×1=2)<br>1) दिन 2) देश | (2) |

| | | |
|---|---|---|
| ख) | नीचे दिए गए मूल शब्दों में उचित **प्रत्यय** लगाकर नए शब्द बनाइए। (2×1=2)<br>1) धन 2) भारत | (2) |
| ग) | नीचे दिए गए मुहावरों का वाक्य में प्रयोग करें। (2×1=2)<br>1) ईंट का जवाब पत्थर से देना। 2) कमर कसना। | (2) |
| घ) | नीचे दिए गए शब्दों के लिए दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (2×1=2)<br>1) पर्वत 2) बेटा | (2) |
| ङ) | 'चोर कभी ना कभी पकड़ा ही जाता है'। रचना के आधार पर वाक्य भेद है - (1×1=1) | (1) |
| i) | मिश्र वाक्य | |
| ii) | संयुक्त वाक्य | |
| iii) | सामान्य वाक्य | |
| iv) | सरल वाक्य | |
| च) | निम्नलिखित शब्दों में से वर्तनी के अनुसार सही शब्द चुनिए। (अनुस्वार) (1×1=1) | (1) |
| i) | सन्यासी ii) संन्यासी | |
| iii) | सनयांसी iv) संयासी | |
| छ) | घर में आए मेहमान <u>हँसते हँसते चले गए।</u> रेखाकिंत पदबंध छाँटिए- (1×1=1) | (1) |
| i) | संज्ञा पदबंध । | |
| ii) | क्रिया विशेषण पदबंध। | |
| iii) | विशेषण पदबंध। | |
| iv) | सर्वनाम पदबंध। | |
| ज) | नीचे दिए गए वाक्य में सर्वनाम शब्द छाँटकर उसका भेद लिखिए। (1×1=1)<br>रोहिता ने मुझसे कहा था कि बाहर मत जाना, लोग गुस्से में हैं। | (1) |
| झ) | 'खटिया' यह शब्द ........... है। (सही विकल्प चुनकर लिखिए।) (1×1=1) | (1) |
| | i) तद्भव ii) तत्सम iii) विदेशी iv) देशज | |
| ञ) | 'नेत्र' यह शब्द ........... है। (सही विकल्प चुनकर लिखिए।) (1×1=1) | (1) |
| | i) तद्भव ii) तत्सम iii) विदेशी iv) देशज | |
| त) | निम्नलिखित वाक्य उचित विराम चिह्नों का प्रयोग कर वाक्य दोबारा लिखिए। (2×1=2)<br>1) उन्होंने रोककर पूछा मोर हिरन के बच्चे कहाँ गए<br>2) क्या राम आज रात की गाड़ी से दिल्ली जाएगा | (2) |
| | खण्ड 'क' (साहित्य) | |
| प्रश्न.4) | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।** | (कुल भार 5) |
| | पड़ोस की दुकानों के तख़्तों पर बैठे या बाज़ार में खड़े लोग घृणा में उस स्त्री के संबंध में बात कर रहे थे। उसे स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा - सी उठी पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था ऋ फुटपाथ पर उसके समीप बैठ सकने में मेरी पोशाक ही व्यवधान बन खड़ी हो गई । एक आदमी ने | |

| | | |
|---|---|---|
| | घृणा से एक तरफ थूकते हुए कहा. ''क्या जमाना है! जवान बेटे को मरे पूरा एक दिन नहीं बिता और यह बेहया दुकान लगाकर बैठी है।<br>दूसरे सब अपनी दाढ़ी को जाते हुए कह रहे थे ''अरे जैसी नियत होती है अल्लाह भी वैसे ही बरकत देता है।"<br>सामने के फुटपाथ पर खड़े एक आदमी ने दियासलाई की तीली से कान खुजाते हुए कहा ''अरे इन लोगों का क्या है ये लोग रोटी के टुकड़े पर जान देते हैं । उनके लिए बेटा- बेटी खसम - लुगाई धर्म - ईमान सब रोटी का टुकड़ा है।" | |
| क) | बाज़ार में लोग बूढ़ी स्त्री को किस दृष्टि से देख रहे थे? | (1) |
| i) | ईर्षा की दृष्टि से ii) घृणा की दृष्टि से | |
| iii) | प्रेम की दृष्टि से iv) दया की दृष्टि से | |
| ख) | रोती स्त्री को देखकर लेखक को कैसा लगा? | (1) |
| i) | लेखक का मन व्यतीत हो गया। | |
| ii) | लेखक पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। | |
| iii) | लेखक को संतुष्टि हुई। | |
| iv) | लेखक वहां खड़ा ही नहीं हो पाया। | |
| ग) | बूढी औरत का हाल पूछने में लेखक को किसके कारण परेशानी हुई? | (1) |
| i) | दुकानदार के कारण | |
| ii) | भीड़ के कारण | |
| iii) | बच्चों के कारण | |
| iv) | पोशाक के कारण | |
| घ) | ''अरे जैसी नियत होती है अल्लाह भी वैसे ही बरकत देता है।" इस पंक्ति में किस भाव का बोध हो रहा है? | (1) |
| i) | व्यंग्य का भाव ii) दुख का भाव | |
| iii) | अधिकार का भाव iv) सहानुभूति का भाव | |
| ङ) | बेटे की मृत्यु के अगले ही दिन खरबूजे बेचने के लिए बुढ़िया क्यों आई? | (1) |
| i) | उसका घर में मन नहीं लग रहा था। | |
| ii) | उसकी बहू ने उसे खाना नहीं दिया था। | |
| iii) | उसके पोते भूख से भी लग रहे थे। | |
| iv) | वह अपने बेटे की याद में रोना नहीं चाहती थी। | |
| प्रश्न.5) | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। (**25** से **30** शब्दों में) (कुल भार **6**) | |
| क) | 'एवरेस्ट जैसे महान अभियान में खतरों को और कभी-कभी तो मृत्यु की आदमी | (2) |

| | | |
|---|---|---|
| | को सहज भाव से स्वीकार करने चाहिए।' 'एवरेस्ट-मेरी शिखर यात्रा' इस पाठ के आधार पर उपयुक्त पंक्ति स्पष्ट करें। | |
| ख) | तुम कब जाओगे अतिथि इस पाठ के आधार पर लिखिए।अतिथि को जाने के लिए लेखक ने किस-किस तरह के संकेत दिए? | (2) |
| ग) | दुख का अधिकार इस पाठ के आधार पर इस पंक्ति को अपने शब्दों में स्पष्ट करें - 'शोक करने गम बनाने के लिए और दुखी होने का भी एक अधिकार होता है।' | (2) |
| प्रश्न.6) | **निम्नलिखित पठित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़े और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए।** | (कुल भार 5) |
| | गाकर गीत बिरहा के तटिनी<br>वेगवती बहती जाती है<br>दिल हलका कर लेने को<br>उपलों से कुछ कहती जाती है।<br>तट पर एक गुलाब सोचता<br>''देते स्वर यदि मुझे विधाता<br>अपने पतझर के सपनों का<br>मैं भी जग को गीत सुनाता।"<br>गा-गा कर बह रही निर्झरी<br>पाटल मूक खड़ा तट पर है।<br>गीत अगीत कौन सुंदर है॰ | |
| क) | प्रस्तुत काव्यांश में कवि द्वारा किसका वर्णन किया जा रहा है ? | (1) |
| i) | नायिका के सौंदर्य का ii) कवि की भावनाओं का | |
| iii) | प्रकृति की सुंदरता का iv) मजदूर की विवशता का | |
| ख) | कवि ने प्रस्तुत काव्यांश में किस प्रकार का तुलनात्मक प्रश्न किया है? | (1) |
| i) | नदी और समुद्र में से कौन बड़ा है? | |
| ii) | पहाड़ और टीले में कौन विशाल है? | |
| iii) | नायक और नायिका में से कौन सुंदर है? | |
| iv) | गीत और अगीत में से कौन सुंदर है? | |
| ग) | नदी अपने मन की व्यथा किसे कहती है? | (1) |
| i) | किनारे खड़े वृक्ष से ii) किनारे पड़े पत्थरों से | |
| iii) | कविता रचने वाले कवि से iv) किनारे खड़े गुलाब के फूल से | |
| घ) | पद्यांश के अनुसार नदी के संबंध में कौन-सा कथन सही नहीं है? | (1) |
| i) | नदी वेगवती है। | |

| | | |
|---|---|---|
| ii) | नदी वियोग के गीत गाती है। | |
| iii) | नदी कल-कल करती हुई किनारों से टकराती आगे बढ़ती है। | |
| iv) | नदी की दिशा निश्चित होती है। | |
| ङ) | निम्नलिखित कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br>**कथन (A) गुलाब को ईश्वर द्वारा स्वर प्रदान न किए जाने से गुलाब दुखी है।**<br>**कारण (R) दुख भरे पतझड़ के दिनों में देखे गए अपने सपनों का गीत पूरे संसार को सुनता।** | (1) |
| i) | कथन (A) और कथन (R) कारण दोनों गलत हैं। | |
| ii) | कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है। | |
| iii) | कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी व्याख्या गलत करता है। | |
| iv) | कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है। | |
| प्रश्न.7) | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। (25 से 30 शब्दों में) | (कुल भार 6) |
| क | सुई और तलवार के उदाहरण द्वारा कई क्या संदेश देना चाहते हैं? | (3) |
| ख | रैदास अपने पदों द्वारा हमें क्या संदेश देना चाहते हैं? | (3) |
| प्रश्न.8) | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। (50 से 60 शब्दों में) | (कुल भार 6) |
| क) | पाठ 'स्मृति' के आधार पर बताइए कि लेखक ने ऐसा क्या काम किया जिससे वह भारी मुसीबत में फंस गया? | (3) |
| ख) | गिल्लू को कैसे मुक्त किया गया और क्यों? गिल्लू इस पाठ के आधार पर लिखिए। | (3) |
| खण्ड 'ड' (लेखन) | | |
| प्रश्न.9) | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए।**<br>• **मानवता के लिए खतरा – ग्लोंबल वार्मिंग या भूमंडलीय तापन**<br>संकेत विंदु – ग्लोंबल वार्मिंग का अर्थ<br>– ग्लोंबल वार्मिंग के कारण<br>– ग्लोंबल वार्मिंग का मनुष्य पर होने वाला प्रभाव<br>– ग्लोंबल वार्मिंग से बचने के उपाय।<br>**अथवा**<br>• **करत करत अभ्यास ते, जड़मति होत सुजान**<br>संकेत विंदु – उन्नति का मूलमंत्र – अभ्यास<br>– महान लोगों के जीने का आधार<br>– निरंतर अभ्यास – जीवन की साधना। | (5) |
| प्रश्न.10) | • आपके विद्यालय के पुस्तकालय में हिन्दी की कुछ पुस्तकें मँगवाने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य को **प्रार्थना पत्र** लिखिए। | (5) |

| | | |
|---|---|---|
| | **अथवा**<br>• आपके क्षेत्र में मॉल निमार्ण हेतु पेड़ों की अनियंत्रित कटाई की जा रही है। इस पर अंकुश लगाने के लिए जिल्हाधिकारी को **पत्र** लिखिए। | |
| प्रश्न.11) | आपका विद्यालय के मैदान को साफ़ सुथरा रखने हेतु लगभग **60** शब्दों में **सूचना** लिखिए। | **(4)** |
| प्रश्न.12) | आपके शहर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लगभग **40** शब्दों में विज्ञापन तैयार करें। | **(3)** |
| प्रश्न.13) | **'घमंड का फल' इस विषय के आधार पर अपने शब्दों में लघुकथा लिखिए साथ ही उचित शीर्षक देकर कहानी से मिलने वाली सीख भी लिखिए।**<br>**अथवा**<br>**आप समीर हैं। आपके नाम से प्रेषित सात हज़ार रूपए का मनीऑर्डर की प्राप्ति आपको नहीं हुई। इस संबंध में लगभग 100 शब्दों में पोष्ट ऑफिस अधीक्षक को ई-मेल लिखिए।** | **(5)** |